# तेज रफ्तार डंपर ने स्कूली सवार छात्र को रौंदा, टूटा पैर

## हादसे के बाद लोगों में आक्रोश : किसी ने बताया लापरवाही तो किसी ने बताया डिवाइडर और अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कोलुआ रोड़ स्थित विवेकानंद स्कूल के समीप एक तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी सवार 13 वर्षीय छात्रा को रौंद दिया, जिससे उसका पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। तो वहीं स्कूटी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं घटना के बाद मौके पर एकत्रित लोगों ने घायल छात्रा को उपचार के लिए जिलाचिकित्सालय भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छात्रा को भोपाल रैफर कर दिया। वहीं घटना के बाद शहरवासियों का गुस्सा फूट पड़ा और हादसे को



लेकर तरह-तरह की अटकले लगाते हुए नजर आए। इस दौरान किसी ने हादसे का कारण परिजनो की लापरवाही बताया, जो नाबालिग बच्चे को स्कूटी दे दी, तो वहीं कई लोगों ने इस हादसे का कारण नगरपालिका द्वारा सड़क के बीचो बीच लगाए गए डिवाईडर और अतिक्रमण बताया।

दरअसल रामपुरा मोहल्ला निवासी देव पुत्र राजभान सिंह यादव अपने छोटे भाई बहन खुशी एवं अमन के साथ आधार शिला स्कूल में पढ़ता था, जो रोज की तरह स्कूटी पर सवार होकर स्कूल जा रहा था, इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर ने उसकी स्कूटी में डक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि स्कूटी सवार छात्रा डंपर के पहिये के नीचे करीब दस फीट तक घिसटा। जिसमें देव का दहिना पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं स्कूटी पर सवार अमन और खुशी दूर जा गिरे, जिससे उन्हें मामूली चोटे आई। वहीं घटना के बाद लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए और घायल छात्र-छात्राओं को उपचार के लिए जिलाचिकित्सालय पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल देव को उच्च उपचार के लिए भोपाल रैफर किया गया है। वहीं पुलिस ने घटना केबाद डंपर को थाने में रखवाया गया है।

**हादसे के बाद विफरे लोग :**
इस हादसे में छात्र के घायल होने की जानकारी लगने के बाद लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और वह अपना आक्रोश सोशल मीडिया पर जाहिर करते नजर आए। इस हादसे को लेकर जहां कुछ लोगों ने इसे लापरवाही बताया, तो वहीं कई लोगों ने हादसे का जिम्मेदार सड़क पर लगे डिवाईडरों को बताने के साथ ही सड़क पर फैला अतिक्रमण बताया। इसके अलावा कई लोगों ने बेलगाम होते डंपरों को हादसे का कारण बताया।




# ऑनलाइन ठगी करने वाले पिता-पुत्र अलवार से गिरफ्तार

**पिता-पुत्र के खातों में मिला 45 लाख का लेनदेन**

**चंदेरी पुलिस मामले की जांच में जुटी**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** पुलिस द्वारा लगातार लोगों को ऑनलाइन ठगी को लेकर जागरूक किया जा रहा है, लेकिन इसके बाद भी लोग इन ठगे के शिकार बन जाते है। ऐसा ही एक मामला विगत दिनों चंदेरी से सामने आया था, जहां एक युवक से 6 लाख से अधिक रूपये की ऑनलाइन ठगी की गई थी। जिसकी शिकायत उसने थाने में की थी। जिसके बाद तस्दीक में जुटी पुलिस ने ठगो की पहचान की और उन्हें अलवर राजस्थान से गिरफ्तार है, यह ठगी करने वाले दोनो पिता-पुत्र है, जिनके खाते में एक माह में करीब 45 लाख रूपये के लेनदेन का रिकार्ड मिला है। जिसकी पड़ताल अब चंदेरी पुलिस द्वारा की जा रहीं है।

दरअसल प्रतीक जैन पुत्र राजेश कुमार जैन निवासी वार्ड नं.4 पखन दरवाजा रोड नरसिंह मदिर के पास चंदेरी ने थाने में लिखित आवेदन देते हुए बताया था कि 17 सितंबर 2024 को जब वह अपनी फेसबुक अकाउण्ट चला रहा थे, तो फेसबुक आईडी पर नटराज कंपनी के ऐड को देखा और ऐड में दिये गये मोबाईल नंबर 7877939494 पर फोन लगाया तो फोन पर बताया कि आपको नटराज कम्पनी से सामान व प्रोडक्ट आयेगे जिनको आपको पैक करना है। जिसकी रजिस्ट्रेशन फीस 650 रूपये है फिर उन्होंने फोन पै के माध्यम से पैसे ट्रांसफर किये। फिर वहा से व्यक्ति ने बहुत सारे तरीको से मुझ से कुल छः लाख छब्बीस हजार छः सौ छः सौ सत्तावन रूपये डलवा लिये। इसके बाद उन्हें समझ आया कि उनके साथ मे ठगी हो गई है। जिसकी रिपोर्ट पर से थाना चन्देरी दर्ज की गई और इसकी विवेचना पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा के निर्देशन में की गई। वहीं विवेचना के आरोपियो की तलाश की गई साथ ही आरोपियो से पांच लाख चौहत्तर हजार रूपये बरामद किये गये। वहीं जब पुलिस ने आरोपीयो के अकाउण्ट की जानकारी प्राप्त की गई तो एक माह में उनके अकॉउण्ट में करीबन 45 लाख रूपये के लेनदेन होने की जानकारी मिली। जिसके बाद थाना चन्देरी की टीम के द्वारा आरोपी अरबाज पुत्र मेहमूद खां उम्र 20 साल निवासी ग्राम पाटा थाना नौगंवा एवं मेहमूद पुत्र कमरू खाँ उम्र 40 साल निवासी ग्राम पाटा थाना नौगंवा जिला अलवर राजस्थान दोनो पिता पुत्र को उनके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस द्वारा दोनो से ठगी के अन्य मामलो मे पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई में निरीक्षक मनीष जादौन, उप निरीक्षक नीलमसिह यादव, आरक्षक योगेन्द्र रघुवंशी, आनंद राजपूत, संतोष त्यागी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**चक्काजाम करने वाले आठ पर मामला दर्ज :**
**अशोकनगर।** मुंगावली थाने में चक्काजाम करने वाले आठ लोगों पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। यह प्रकरण ग्वालियर के एक व्यक्ति की लिखित शिकातय पर दर्ज किया गया है। जिसमें बताया गया है कि चक्काजाम के कारण मार्ग अवरूद्ध हुआ और इससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ी।

## एक नजर में

### वीडियो वायरल मामले में चार के नाम जोड़े

**अशोकनगर।** जिला अस्पताल के आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के मामले में कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जांच में चार नए लोगों की पहचान होने पर उनके नाम एफआईआर में जोड़े गए हैं। इन चार लोगों में अस्पताल का सुरक्षाकर्मी और सफाईकर्मी शामिल है। दरअसल 10 नवंबर को अस्पताल के परिसर के अंदर के आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुए थे, जिससे जहां एक ओर अस्पताल की छवि धूमिल हुई थी, तो वहीं प्रबंधन पर सवाल खड़े हुए थे। इस मामले में कोतवाली प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान जिन लोगों ने वीडियो शूट किए और उन्हें वायरल किया, उन्हें चिन्हित कर लिया गया है। पुलिस ने उनके मोबाइल जब्त कर फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिए हैं। अधिकारियों के अनुसार, इन लोगों ने वीडियो पुलिस या अस्पताल प्रशासन को देने के बजाय सोशल मीडिया पर अपलोड किया, जिससे अस्पताल की छवि को नुकसान पहुंचा।

**इन लोगों पर हुई एफआईआर :**
जिला अस्पताल के गार्डन वाले मामले में पुलिस ने सफाई कर्मचारी विकास बाल्मीकि निवासी बाल्मीकि मोहल्ला और सुरक्षाकर्मी लालू मीना निवासी रावसर के नाम एफआईआर में शामिल किए हैं। गार्डन का वीडियो किसने बनाया, यह अभी पता नहीं चल सका है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। वहीं, गेट के पास महिला-पुरुष का वीडियो माखन अहिरवार निवासी जलालपुर ने बनाया था और इसे विशाल यादव निवासी डोंगर ने वायरल किया था। उन्होंने बताया कि आपत्ति जनक वीडियो बनाना, रखना या शेयर करना गंभीर अपराध है। यदि किसी के पास ऐसी सामग्री आती है, तो उसे तुरंत पुलिस को सौंपना चाहिए। जिससे वह कानूनी कार्रवाई से बच सके।

### पर्यवेक्षक की रोकी एक वार्षिक वेतन वृद्धि

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही वरतने एवं बैठकों में अनुउपस्थित रहने पर महिला एवं बाल विकास ईसागढ की पर्यवेक्षक रजनी बालू की आगामी एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने संबंधी आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के कार्यक्रम हेतु रजनी बालू को बीएलओ नियुक्त किया गया था। इनके द्वारा सौपे गए कार्य स्थल पर उपस्थित होकर कार्य न करने तथा आयोजित बैठकों में अनुपस्थित रहने के संबंध में नोटिस जारी किया गया था। नोटिस का जबाब समाधानकारक नही होने पर मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण,नियंत्रण एवं अपील) 1966 के नियम 10 के अंतर्गत एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई है।




### निर्वाचक नामावली का हुआ प्रकाशन

**अशोकनगर।** नगरीय निकाय एवं पंचायतों के फोटो युक्त निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन शनिवार को जिले के सभी सहज दृश्य स्थानों पर कराया गया है। साथ ही राजनैतिक दलों के साथ बैठक का आयोजन शनिवार को कलेक्ट्रेट कॉन्फ्रेस कक्ष मे किया गया। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों की फोटो युक्त मतदाता के अंतिम प्रकाशन की मतदाता सूची अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीएन सिंह द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर

# दशकों बाद भी साप्ताहिक हाट के पास खुद के मैदान नहीं, सड़क पर सजती हैं दुकानें, लगता है जाम

नवभारत न्यूज

**बहादुरपुर।** क्षेत्र के तीन गांवों में बड़े हाट बाजार आयोजित होते हैं जिनमें लाखों का व्यापार होता है। ग्राम पंचायतों को भी हाट बाजार की नीलामी से अच्छी खासी रकम मिलती है लेकिन कई दशकों से आयोजित हो रहे हाट बाजारों के लिए आज तक पंचायतों द्वारा एक मुकम्मल जगह नहीं तलाशी गई है। ऐसे में हाट की दुकानें नेशनल हाईवे पर ही सजाई जाती हैं। जिससे एक ओर जहां हाट के दिन यातायात दिन भर अवरुद्ध रहता है तो दुकानदार और ग्राहकों के वाहनों की चपेट में आने का डर बना रहता है।

गौरतलब है कि क्षेत्र में शनिवार के दिन घाट बमुरिया, मंगलवार के दिन बंगला चौराहा और बुधवार के दिन बहादुरपुर में हाट बाजार आयोजित होते हैं। तीनों ही स्थानों पर हाट के लिए कोई मैदान नहीं है। घाट बमुरिया और बहादुरपुर में



तो हाट के नाम से भूमि आवंटन ही नहीं हुआ, बंगला चौराहा पर हुआ तो उस पर अतिक्रमण है। ऐसी स्थिति में हाट के लिए सड़क ही एकमात्र सहारा है।

**घाट बमुरिया :**
शनिवार की हाट में करीब दो दर्जन गांवों के लोग आते हैं। गांव से ही विदिशा जिले की सीमा लगी है, जहां के कई गांवों के लोग यहीं की हाट करते हैं। सड़क पर दुकानें लगती हैं। ग्राम पंचायत सचिव सागर सिंह यादव ने बताया कि शासकीय भूमि उपलब्ध नहीं हैं। ग्राम पंचायत के पास तक स्वयं का भवन नहीं है। सौ वर्ग फिट की एक दुकान में किराए से पंचायत भवन संचालित किया जा रहा है। हाट में दुकान लेकर आने वाले सीताराम वंशकार ने बताया कि वाहनों के धुंए और धूल से सड़क किनारे बैठे बैठे दम घुटने लगता है।

**बंगला चौराहा :**
मंगलवार के दिन हाट बाजार मुंगावली मार्ग पर लगता है। स्टेट बैंक के सामने बड़ी संख्या में वाहन खड़े रहते हैं, इसी पर हाथ ठेले खड़े हो जाते हैं। सबसे ज्यादा जाम यहीं लगता है। दुकानदार नवल कुशवाह ने बताया कि कई बार वाहनों के पहियों से सब्जी कुचल जाती है। वहीं कुछ मकान मालिक भी दुकानों को आगे लगाने से रोकते हैं। सरपंच अल्का कलावत बताती हैं कि हाट के लिए सर्वे नंबर 260 में 0.439 हेक्टेयर भूमि आवंटित है लेकिन उस पर अस्थाई अतिक्रमण है। जिला पंचायत में सरपंच द्वारा हाल ही में फाइल जमा की गई है।

**बहादुरपुर:**
बुधवार के दिन लगने वाली इस हाट का इतिहास सौ साल से भी अधिक पुराना है। वर्तमान में जहां हाट सजती है, वहां चारों ओर से अतिक्रमण हो रहा है। दुकानदारों के लिए जगह सिमटती जा रही है। दर्जनों दुकानें सड़क पर लगती हैं। बुधवार के दिन कस्बे के बीच से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं होता। यहां भी हाट के लिए कोई भूमि आवंटित नहीं है। दुकानदार राजीव पाठक बताते हैं कि 25 साल से दुकान लगा रहे हैं लेकिन स्वयं के स्तर ही व्यवस्था करना पड़ता है। ग्राम पंचायत ने हाट की नीलामी कुछ दिन पहले ही 81 हजार रुपए में की है लेकिन सुविधाएं नहीं बढ़ाई।

***इनका कहना है***
*बंगला चौराहा के हाट बाजार का निर्माण नाबार्ड से हो सके, इसके लिए जिला पंचायत द्वारा प्रस्ताव भेजा गया है। बहादुरपुर और घाट बमुरिया का हमारे प्लान में है, इनके लिए भी हम प्रस्ताव और कार्ययोजना तैयार कर रहे हैं।*
***आलोक इटोरिया,***
***मुख्य कार्यपालन अधिकारी***
***जनपद पंचायत मुंगावली***

# छत के रास्ते घुसा चोर, मोबाइल व नगदी ले उड़ा

**अशोकनगर।** शहर के स्टेशन रोड़ स्थित एक मोबाइल दुकान पर अजीबो गरीब चोरी की घटना सामने आई, यहां चोरो ने मोबाइल दुकान में प्रवेश करने के लिए ताला तोड़ने की जगह छत तोड़ा और दुकान के अंदर प्रवेश किया और 10 मिनिट के भीतर दुकान में रखे मोबाइल सहित नगदी बटोरे और रफूचक्कर हो गया। वहीं चोरी की घटना की जानकारी दुकानदार को सुबह लगी जब वह दुकान खोलने के लिए पहुंचा तो दुकान का सारा सामान विखरा पड़ा हुआ था। इसके बाद जब उसने सीसीटीव्ही कैमरे चैक किए तो उसमें एक नाकाब पोश बदमाश चोरी करता हुआ नजर आया।

दुकान मालिक राहुल जैन ने बताया वह प्रतिदिन की तरह




दुकान बंद करके घर गए थे, जब शनिवार की सुबह दुकान खोलने आए तो पहले की तरह ताले लगे हुए मिले, जैसे ही शटर खोली तो दुकान का अंदर का मंजर अलग ही नजर आया और हर जगह सामान विखरा पड़ा हुआ था। इससे अनहोनी का अंदेश हुआ और सीसीटीव्ही चैक किए तो सारी हकीकत सामने आई। राहुल ने बताया कि घटना करीब 1:30 से 2 बजे के बीच की है, जिसमें चोर छत की सीलिंग तोड़कर प्रवेश करता है और दुकान में रखे पैसे एवं मोबाइलों को थैला में भरकर ले जाता है। पुलिस ने दुकान मालिक की शिकायत पर तहकीत शुरू कर दी है।

# ग्रामीणों ने विधायक को गिनाई गांव की समस्याएं

**मुक्तिधाम की शिकायत मिलने पर पहुंचे थे राय**

**जनसवांद कर जानी ग्रामीणों की समस्याएं, दिया आश्वासन**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** क्षेत्रीय विधायक हरिबाबू राय शनिवार को आमखेड़ा स्थित ग्राम छुईपुरा पहुंचे, जहां पर उन्होंने ग्रामीणों से जनसंवाद करते हुए उनकी समस्याएं जानी और उनके जल्द निराकरण किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

ग्रामछुईपुरा पहुंचे विधायक इंजीनियर हरिबाबू राय को ग्रामीणों ने मुक्ति धाम सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की समस्याएं गिनाई। जिसमें मुख्यत: मुक्ति



धाम का था। जहां शेड, चबूतरा, पेयजल, बाउंड्री, बैठने की व्यवस्था एवं पहुंच मार्ग जैसी आवश्यक सुविधाएं अधूरी होने से अंतिम संस्कार के दौरान आने वाली कठिनाइयों बताई। जिस पर सज्ञान लेते हुए विधायक ने अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर अधिकारियों ने पॉजीटिव रूख दिखाते हुए जल्द सर्वे कराकर समस्याओं के निराकरण की बात कहीं।

उल्लेखनीय है कि विधायक श्री राय को ग्राम छुईपुरा में मुक्तिधाम सबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसके बाद वह गांव पहुंचे और उक्त क्षेत्र का मौका मुआवना करते हुए ग्रामीणों से जनसंवाद किया।

**सरेंडर** — देहात थाने में जमा कराई पिस्टल, तो कोतवाली थाने से ली जमानत

# पुलिस की सख्ती से ऑनलाइन सट्टा किंग आजाद का सरेंडर

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शहर में सट्टा किंग के नाम से मशहूर आजाद खान ने आखिरकर पुलिस की सख्ती के आगे सरेंडर कर दिया। जिसके चलते वह शनिवार को अपने साथियों के साथ देहात थाना पहुंचा जहां उसने अपनी पिस्टल जमा कराई, जिसका विगत दिनों कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा लाइसेंस निरस्त कर दिया था। तो वहीं सिटी कोतवाली पहुंचकर जमानत ली।

दरअसल पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, आपराधिक



तत्वों पर अंकुश लगाने तथा शस्त्र लाइसेंस के दुरुपयोग पर प्रभावी रोकथाम हेतु सतत सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 17 नबंवर को जिला दण्डाधिकारी द्वारा ऑनलाइन सट्टा सहित विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर आजाद खान पुत्र अलीम खान निवासी ग्राम कोलुआ हाल निवास आजाद मोहल्ला का शस्त्र लायसेंस को निलंबित किया गया था। साथ ही दण्डाधिकारी द्वारा उक्त शस्त्र को तत्काल संबंधित थाने में जमा कराने के आदेश जारी किए गए थे। जिला प्रशासन के आदेश के बावजूद शस्त्र लायसेंसी द्वारा शस्त्र थाने में जमा नहीं किया गया। इस पर थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा द्वारा 21 नबंवर को शस्त्र लायसेंसी आजाद खान के ग्राम कोलुआ रोड स्थित फार्महाउस तथा आजाद मोहल्ला स्थित आवास पर नोटिस चस्पा कर यह निर्देश दिया गया कि वह 2 दिवस के भीतर अपने निलंबित लायसेंस पर दर्ज पिस्टल 32 बोर को थाने में अनिवार्य रूप से जमा करें। अन्यथा उनके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही की जाने की चेतावनी दी गई।

पुलिस की सख्त सतत एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरूप शस्त्र लायसेंसी आजाद खान ने नोटिस चस्पा होने के कुछ घंटो बाद ही निलंबित शस्त्र लाइसेंस पर दर्ज पिस्टल 32 बोर को थाना देहात में सरेंडर किया गया। इसके साथ ही कोतवाली थाने पहुंचकर ऑनलाइन सट्टा में नाम शामिल होने पर जमानत ली।

# मुस्कान अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस महकमे द्वारा मुस्कान अभियान के तहत बालिकाओ और महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें आत्म निर्भर और आत्म रक्षा के गुर सिखाये जा रहे है। इसी कड़ी में पुलिस कप्तान राजीव मिश्रा के निर्देशन में पुलिस द्वारा ग्राम पंचायत आंवरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से एसडीओपी विवेक शर्मा, देहात थाना उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा उपस्थित रहे।

इस दौरान दोनो पुलिस अधिकारियों ने बालिकाओ जानकारी देते हुए बताया कि वह अपनी रक्षा कैसे और जब कोई विपत्ति आए तो वह किस तरह पुलिस की सहायता ले सकते है।। इस दौरान एसडीओपी विवेक शर्मा ने बालिकाओ एवं महिलाओं को




आत्मनिर्भर कैसे बनाएं, स्वयं की रक्षा कैसे करें इसके बारे में बताया। वहीं देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा ने बालिकाओ को समझाइस देते हुए बताया कि वह स्वयं की रक्षा कैसे करें। वहीं छात्र-छात्राओं को समझाया कि यदि आपको कोई दिक्कत होती है तो वह अपने टीचर से बोलने के साथ ही परिवार के बड़ों से बोले। यदि फिर भी कोई एक्शन नहीं होता है तो पुलिस को बताए, जिससे आपकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, क्योंकि पुलिस आपकी सुरक्षा में सदैव तत्पर है।

वहीं कार्यक्रम के अंत में सरपंच प्रतिनिधि विजय बैरागी ने उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।